## खबर संक्षेप

### सीईओ ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**कटनी** मंगलवार को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुवेंद्र कोरी ने ग्राम पंचायत भटगवा पहुंचकर केंद्र सरकार एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रगतिगत स्वीकृत निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि अभी हाल में ही जिला पंचायत की सीईओ सुश्री तपस्या परिहार ने समीक्षा बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप वांछित प्रगति लाने के निर्देश जनपद पंचायत के सीईओ को दिए हैं। जनपद पंचायत सीईओ श्री कोरी ने आदि कर्मयोगी पोर्टल में एंट्री, समग्र , पेंशन और पीएम आवास के अंतर्गत ईकेवायसी कार्य की प्रगति की समीक्षा कर जानकारी ली। उन्होंने निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण किए जाने के निर्देश ग्राम पंचायत के सचिव ,ग्राम रोजगार सहायक को दिए। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ श्री कोरी ने भटगवा में अपूर्ण ग्राम पंचायत भवन का अवलोकन किया। उन्होंने आवश्यक सुधार करते हुए, निर्माण एजेंसी को निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन का निर्माण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच,सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक मौजूद रहे।

### 2 अक्टूबर गांधी जयंती को शुष्क दिवस घोषित

**कटनी**। कलेक्टर आशीष तिवारी ने महात्मा गांधी जयंती के मौके पर 2 अक्टूबर को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। इस संबंध में कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी आदेश के तहत जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफएल-2, एफएल-3, एफएल-4 एवं वाईनरी शॉप (अम्वी वाईन आउटलेट) लायसेन्स अन्तर्गत मदिरा का क्रय-विक्रय, परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफएल-2, एफएल-3, एफएल-4 एवं वाईनरी शॉप (अम्वी वाईन आउटलेट) लायसेन्स परिसरों को 1 अक्टूबर की रात्रि 11.30 बजे से 3 अक्टूबर की सुबह 8.30 बजे तक बंद रखा जायेगा। शुष्क दिवस में जिला आबकारी अधिकारी एवं वृत्त प्रभारी अधिकारियों को संबंधित क्षेत्र में निरंतर गश्ती में रहकर आदेशानुसार कार्यवाही सुनिश्चत करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

### पुलिस कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

**कटनी**। जिले में जवारा विसर्जन, दशहरा चल समारोह एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन प्रक्रिया के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर पुलिस कंट्रोल रूम और जिला डीसीसीसी कंट्रोल रूम में अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेश के अनुसार, कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित डीसीसी कंट्रोल रूम का प्रभारी लोक सेवा के प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा को बनाया गया है। इनकी सहायता के लिए राजेश यादव और अभिषेक तिवारी की ड्यूटी लगाई गई है। इस कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07622220071 है। इसी प्रकार पुलिस कंट्रोल रूम का प्रभारी अमृता गर्ग अधीक्षक भू-अभिलेख कटनी होगी। इनकी सहायता के लिए बी.बी. दुबे और दादूराम पटेल की ड्यूटी लगाई गई है।

### जिले में अब तक 1110.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी**। जिले में इस वर्ष 1 जून से 30 सितम्बर तक कुल 1110.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1452.7 मिलीमीटर वर्षा हुई है। कटनी तहसील में 1160.7 मिमी, रीठी में 1452.7 मिमी, बड़वारा में 1016 मिलीमीटर, बरही तहसील में 957 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ में 949.4 मिमी, बहोरीबंद में कुल 1000.6 मिमी एवं स्लीमनाबाद में 1298.8 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 1042.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के देवी पंडालों में हुआ भंडारे का आयोजन, आज निकलेगा दशहरा चल समारोह

# मातारानी के दर्शनों के लिए उमड़ी लोगों की भीड़






हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शारदीय नवरात्र पर्व की महानवमीं पर शहर भर में सुसज्जित पंडालों में आदिशक्ति जगदंबा के विभिन्न रूपों वाली स्थापित प्रतिमाओं के दर्शनार्थ लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। शाम होते ही पूरा शहर आकर्षक रंगीन विद्युत रोशनी से जगमगा उठा। शहर के विभिन्न चौराहों, तिराहों एवं गलियों में सजे पंडालों में विराजी मांतारानी की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। नवरात्रि पर्व पर लोगों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा को लेकर अलर्ट रहा। जगह जगह बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी होती रही।

### भंडारा प्रसाद का आयोजन

नवरात्र पर्व की महा अष्टमी एवं महा नवमीं को पंडालों एवं मंदिरों में कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्राप्त किया। जय माता दी, जय मां दुर्गा के जयकारे गूंजते रहे।

### जुलूस मार्ग और घाटों पर तैनात रहेंगे अधिकारी

दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन जिला मुख्यालय स्तर पर नगर निगम द्वारा निर्मित जल कुंडों में किया जाएगा। जवारा विसर्जन, दशहरा चल समारोह और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों और सहयोगी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। दशहरा चल समारोह के दौरान मदिरा दुकानों के आसपास कानून व्यवस्था बनाए रखने कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

**कलेक्टर, अधिकारियो एवं कर्मचारियों ने किया रक्तदान**

## सेवा पखवाड़ा के तहत कलेक्ट्रेट में आयोजित रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सेवा पखवाड़ा के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी की पहल पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने 51 यूनिट रक्तदान किया। कलेक्टर श्री तिवारी ने सबसे पहले स्वयं रक्तदान किया और शासकीय कर्मियों को भी रक्तदान हेतु प्रेरित कर पीड़ित मानवता की सेवा के पुण्य अनुष्ठान में सहभागी बनाया।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि रक्तदान मानवीय सेवा है। प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्त की उपलब्धता से गंभीर रूप से बीमार मरीजों, प्रसवकालीन जटिलताओं से गुजर रही महिलाओं तथा दुर्घटना पीड़ितों का जीवन बचाया जा सकता है।

युवा और स्वस्थ व्यक्ति के लिए रक्तदान से कोई नुकसान नहीं है, लेकिन बीमार के लिए रक्तदान नए जीवन की आशा है। इसलिए किसी जरूरतमंद की जिंदगी को बचाने के लिए रक्तदान अवश्य करें। रक्तदान महादान है और रक्तदान करने वाला सही मायनों में जीवनदाता होता है।

कलेक्ट्रेट के जिन अधिकारियों ने रक्तदान किया उनमें संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, तहसीलदार अजीत तिवारी,नायब तहसीलदार त्रय अतुलेश सिंह, आकाशदीप नामदेव व अर्वंतिका तिवारी, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, अतिरिक्त सीईओ अनुराग मोदी,परियोजना अधिकारी जिला पंचायत द्वय ज्ञानेंद्र सिंह एवं मृगेंद्र सिंह, जिला श्रम अधिकारी केबी मिश्रा, रत्नेश मिश्रा और ई-गवर्नेंस प्रबंधक सौरभ नामदेव सहित पशुपालन, राजस्व, उद्योग, लोकसेवा आदि विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

### चैतन्य देवियों की झांकी बनी आकर्षण का केन्द्र




सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के मार्गदर्शन में विगत कई वर्षों से जीवंत झांकियां का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में इस वर्ष साधुराम हाई स्कूल परिसर में जीवंत झांकियां का आयोजन किया गया है शुभारंभ महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड पार्षद अवकाश जायसवाल, ज्योति परिहार, सुजीत सिंह ट्रैफिक पुलिस, सौम्या रांधेलिया, आशा कोहली, गुणमाला चित्तौड़ा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर दुर्गा बहन, अनिता बहन, हेमलता पटेल, रानी शर्मा, सुमन बहन, नेहा बहन,बेबी बहन निलांजलि बहन, विनोद भाई, सुनील भाई, रमेश भाई सहित अन्य का सहयोग रहा । नन्ही बालिका खुशी सहित अन्य बच्चों ने देवी गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी

## लापरवाही बरतने पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को शोकाज नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खरीफ गिरदावरी में त्रुटि सुधार कार्य में लापरवाही बरतने और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट हर्षवर्धन रामटेके को तहसीलदार स्लीमनाबाद द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। जिसका जवाब उन्हें 3 दिवस के अंदर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी बहोरीबंद के आदेश पर तहसीलदार स्लीमनाबाद द्वारा श्री रामटेके को खरीफ गिरदावरी में त्रुटिपूर्ण की गई गिरदावरी को कम करने हेतु जानकारी संकलित करने और निर्वाचन कार्य में सहयोग के लिए ड्यूटी लगाई गई थी।

रामटेके को 29 सितंबर को सुबह 11 बजे जानकारी संकलित करने को कहा गया था, किंतु वह तहसील कार्यालय में अनुपस्थित रहे। उनके द्वारा फील्ड निरीक्षण में होने की बात कही गई, लेकिन निरीक्षण संबंधी कोई जानकारी नहीं दी गई। इसके पश्चात अनुविभागीय अधिकारी बहोरीबंद और तहसीलदार द्वारा शाम 4:30 बजे श्री रामटेके को फोन लगाया गया, लेकिन उनके द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। उनके वाहन चालक को भी फोन किया गया, पर उसने भी जवाब नहीं दिया।

रामटेके द्वारा कार्यालयीन कार्य में सहयोग नहीं करने और वरिष्ठ अधिकारियों की बार-बार अवहेलना की गई जो कि कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं अनुशासनहीनता का द्योतक है।

### वीरासन देवी जागरण में उमड़ा जन सैलाब

**सिलौंडी**। सिलौंडी के घने जंगलों में मां वीरासन मंदिर में भव्य भंडारा एवं देवी जागरण का आयोजन, सुबह श्रद्धा और भक्ति में मां वीरासन देवी का पूजन अर्चन कर हजारों कन्या का श्रृंगार कर उनका माता का प्रसाद खिलाया गया ।और प्रत्येक कन्या को एक विशेष उपहार भी किया गया ।कन्या भोज के बाद क्षेत्र के हजारों भक्त ने भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया ।रात्रि में हजारों भक्तों की संख्या में भक्त देवी जागरण में शामिल हुए। रात्रि में लगभग 10 बजे पूज्य संत श्री 108 बनवारी दास महाराज भरभरा वालों का आगमन भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। भक्त को पूजनीय संत जी का शुभ आशीष वचन सुनने को मिले। सुप्रसिद्ध भजन गायिका संजो बघेल ने अपनी सुरमई आवाज़ और भक्ति से सराबोर गीतों से श्रद्धालुओं को

**ढीमरखेड़ा पुलिस को मिली सफलता, कोर्ट में किया गया पेश**

## वाहन चोरी करने वाला बदमाश गिरफ्तार, चोरी की तीन मोटर साइकिलें हुई बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



वाहन चोरी करने वाले एक बदमाशा को ढीमरखेड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाश के पास से पुलिस ने चोरी के तीन दोपहिया वाहन भी बरामद किये हैं। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमति आंकाक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना प्रभारी ढीमरखेडा निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार 29 सितंबर को आरोपी बसंत प्रसाद पिता मुन्नी लाल साहू 30 साल निवासी ग्राम खमतरा से वाहन चोरी के संबंध में कडाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा दो मोटर साइकिल जिला उमरिया से एक मोटरसाइकिल जिला कटनी से चोरी करना बताया। आरोपी ऐसे दो पहिया वाहनों को निशाना बनाता हैं जिन गाड़ियों में वाहन चालक चाबियां लगी छोड़ देते हैं। आरोपी मौका पाकर ऐसे वाहनों को चोरी कर रफू चक्कर हो जाता था। उक्त तीनों मोटरसाइकिल आरोपी के कब्जे से बरामद कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा का 35(1)(2)bnss 303(2) bns इस्तगासा का पंजीबद्ध कर आरोपियों गिरफ्तार का न्यायालय पेश किया गया।

आरोपी के कब्जे से तीन मोटरसाइकिल बरामद हुई है जिसमें से दो मोटरसाइकिलें उमरिया जिले के कोतवाली और चंदिया थाना क्षेत्र से तथा एक मोटरसाइकिल के कटनी जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र से चोरी करना स्वीकार किया है। पुलिस ने तीनों मोटरसाइकिलों को जप्त कर लिया है।

बदमाश से जो बाइकें बरामद की गई हैं उनमें मो.सा. क्र. MP 54 MA 0191,मोटर साईकिल क्र. एमपी 21 MD 1618 एवं मोटर साईकिल क्र. एमपी 21 एम एफ 1971 शामिल हैं।

कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. अभिषेक चौबे, सउनि जयचंद उईके, आर.कमोद कोल, देवेन्द्र अहिरवार का योगदान रहा। पुलिस ने वाहन चालकों से अपने वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर विधिवत लॉक करके ही खड़ा करने अपील की है।

## जनसुनवाई में 87 आवेदकों ने अधिकारियों को बताई अपनी समस्याएं

# लोन दिलाने का झांसा देकर ऐंठ लिये 50 हजार रूपए, दिलाएं राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 87 आवेदकों की समस्याएं सुनीं एवं अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर द्वय विंकी सिंहमारे उइके, प्रदीप कुमार मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

जनसुनवाई के दौरान गायत्री नगर कटनी निवासी राकेश श्रीवास ने आवेदन देते हुये बताया कि मानसरोवर कॉलोनी कैंप, कटनी निवासी देवेन्द्र सोनी उर्फ कन्हैया द्वारा मुझे शासन की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के अंतर्गत 5 लाख रूपये का लोन दिलाये जाने का आश्वासन देकर मुझसे 50 हजार रूपये ले लिए गये। परंतु, मुझे कोई ऋण स्वीकृत नहीं कराया गया। उक्त राशि की मांग करने पर उनके द्वारा टालमटोल किया जा रहा है। इस मामले में उचित कार्यवाही करते हुये मुझे राशि वापस दिलायें। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने माधवनगर थाना प्रभारी एवं महाप्रबंधक उद्योग को शिकायत का निराकरण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

तहसील विजयराघवगढ़ निवासी अभय दहायत ने बताया कि मेरे पिता स्व. रामकृपाल दहायत शासकीय माध्यमिक शाला धनवारी में प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थ थे। वर्ष 2018 में उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। परंतु मेरी अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित प्रकरण अभी भी लंबित है। आय का अन्य साधन न होने से परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। इसलिए मुझे जल्द अनुकंपा नियुक्ति दिलाई जाय। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने स्थापना शाखा को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

### भूमि बंटवारा दुरूस्त करायें

ग्राम बड़गांव की आवेदिका मर्रीबाई ने आवेदन देते हुये बताया कि गांव में स्थित भूमि का बंटवारा आदेश हो गया है। जो कि अभी तक दुरूस्त नहीं किया गया है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने रीठी तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

तहसील विजयराघवगढ़ निवासी कन्छेदी लाल चौधरी ने बताया कि मुझे पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने तहसीलदार विजयराघवगढ़ को इस शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

## शिकारी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



जंगली सुअर का शिकार करने वाले शिकारी को वन अमले ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर से झिन्ना पिपरिया के आसपास शिकार किए जाने की खबर मुखबिर से मिली थी। वन विकास निगम के अधिकारी ने कर्मचारियों को भेजा। टीम ने जब ग्राम झिन्ना पिपरिया में गहन जांच की तो वन्यप्राणी (जंगली सूअर) का शिकार किया गया है। आरोपी ने अपने खेत की बाड़ी में जीआई तार में करंट प्रवाहित कर शिकार को अंजाम दिया। आरोपी की पहचान झिन्ना पिपरिया निवासी शिवकुमार पिता बंशीलाल पटेल 46 वर्ष के रूप में हुई। आरोपी को परियोजना परिक्षेत्र कार्यालय रामपुर लाकर पूछताछ की गई तो उसने अपना अपराध स्वीकार किया। आरोपी के विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) एक्ट, 1972 एवं यथा संशोधित 2022 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की गई। आरोपी को न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, ढीमरखेड़ा की अदालत में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल स्थानांतरित कर दिया गया। कार्रवाई में देवेश खराड़ी परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी, सरोज सिंह परिक्षेत्र सहायक, शिवम चक्रवर्ती क्षेत्ररक्षक, राहुल सेन अभिषेक शुक्ला वनरक्षक विकास शर्मा दीपक सिंह ठाकुर शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### शस्त्र लायसेंस धारी करें अतिरिक्त शस्त्र जमा

**कटनी।** दो से अधिक शस्त्र अर्जित लाइसेंसधारियों से कलेक्ट्रेट कार्यालय के नाजरात शाखा में अतिरिक्त शस्त्र जमा करने के लिए कहा गया है। अपर कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट नीलांबर मिश्रा ने बताया कि कटनी जिले के 6 व्यक्तियों के पास 2 से अधिक शस्त्र लायसेंस उपलब्ध है। इन लोगों को अतिरिक्त शस्त्र जमा करने तथा समर्पण व विक्रय करने की कार्यवाही करनी होगी। अपर कलेक्टर ने जिले के उन सभी 6 लायसेंस धारी जिनके पास 2 से अधिक शस्त्र लायसेंस उपलब्ध हैं उनमें से अतिरिक्त शस्त्र को जमा कराने की कार्यवाही करने पुलिस अधीक्षक कटनी को पत्र लिखा है। जिले में जिन लायसेंस धारियों के पास 2 से अधिक शस्त्र है उनसे अतिरिक्त शस्त्र जमा करने की कार्यवाही भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा आर्म्स एक्ट 1959 के परिपालन में जारी निर्देश के तारतम्य में की जा रही है।

### मान्यता नवीनीकरण 10 अक्टूबर तक होगा

**कटनी।** प्रदेश में शिक्षण-सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों में मान्यता नवीनीकरण की तिथि में वृद्धि की गयी है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कलेक्टर्स, जिला परियोजना समन्वयक और विकासखण्ड स्रोत समन्वयक को निर्देश जारी किये हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र ने जानकारी दी है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत कक्षा-1 से 8 तक के समस्त अशासकीय स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य है। कुछ अशासकीय विद्यालयों ने सत्र 2025-26 के लिये मान्यता नवीनीकरण आवेदन नहीं किया है। अशासकीय स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मान्यता नवीनीकरण के लिये विशेष विलंब शुल्क 10 हजार रुपये के साथ आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। निर्धारित प्रक्रिया से मान्यता नवीनीकरण आवेदन करने के लिये पोर्टल 29 सितम्बर, 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है। इसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। आधार सेवा सर्विस के कारण कार्यवाही 3 से 5 अक्टूबर तक स्थगित रहेगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल और जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### युवाओं के लिए निःशुल्क मशीन लर्निंग और पाइथन प्रोग्रामिंग प्रशिक्षण

**कटनी।** जिले के युवाओं को आधुनिक तकनीक सिखाकर रोजगार हेतु तैयार करने हेतु सेडमैप एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कटनी द्वारा मशीन लर्निंग और पाइथन प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का छह सप्ताह का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के लिए कुल 25 सीटें निर्धारित की गई हैं। इसमें से 40 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के आवेदकों के लिए आरक्षित हैं। यदि आरक्षित वर्ग के आवेदक समय पर संपर्क नहीं करते हैं, तो उनके स्थान पर अन्य आवेदकों को अवसर दिया जाएगा। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक छात्र 12 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। जबकि 13 अक्टूबर को सुबह 11 बजे साक्षात्कार होगा। वहीं 14 अक्टूबर से प्रशिक्षण प्रारंभ हो जायेगा। प्रशिक्षण के लिए चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। आवेदन हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक है। इच्छुक आवेदक 10वीं की अंकसूची, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग के लिए) एवं दो पासपोर्ट साइज़ फोटो सहित आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु इच्छुक उम्मीदवार कार्यालय में उपस्थित होकर जिला समन्वयक से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### युवक ने लगाई फांसी

**कटनी।** कोतवाली की बस स्टैंड चौकी क्षेत्र के चंडिका नगर में मंगलवार को एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान शिवम उर्फ सोनू कोरी 25 के रूप में हुई है। घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा तैयार कर जांच कर रही है। युवक ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नौ दिन चली माँ की आराधना हवन पूर्णाहुति के साथ हुआ शारदेय नवरात्र का समापन

# 1200 कलशों के साथ निकला जवारा जुलूस, उमड़ा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

शारदेय नवरात्र का पावन पर्व नौ दिनों तक चले देवी पूजन के बाद मंगलवार को नवमी तिथि पर हवन पूजन के साथ शारदेय नवरात्र का समापन हुआ। नौ दिनों तक शक्ति की साधना के बाद देवी मंदिरों में वैदिक मंत्रोचार के बीच हवन-अनुष्ठान किया गया। नवरात्र व्रतधारकों ने कन्याभोज , हवन-पूजन करके शक्ति की आराधना का देवी देवालयों सहित मन्दिरो में कन्याभोज आयोजित हुए। जरूरतमंदों व गोवंश को खिलाकर पुण्य की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने भोजन के पैकेट बनाकर भी कन्याओं को पहुंचाया। कुछ लोगों ने गरीबों को भोजन कराया।

### जुलूस के साथ जवारे विसर्जित

नवमी तिथि पर देवी मंदिरों मैं बोए गए ज्वारे व मन्नत कलश लेकर भक्त चले।नवमी पर आदिशक्ति के 9 वे रूप माँ सिद्दीदात्री की पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। स्लीमनाबाद के चंडी माई मंदिर से ढोल नगाड़ों की धुन पर ज्वारे जुलूस निकला जो कटनी नदी मैं जाकर विसर्जित किया गया।वही ग्राम कोहका मैं भी ज्वारे जुलूस निकला जो सरोवर मैं जाकर विसर्जित किया गया।वही धरवारा मैं भी ज्वारे जुलूस निकाला ।जहां कलाकारों के द्वारा कलाकृतिया दिखाई गई।



### 1200 कलश लेकर निकली नारी शक्ति

बहोरीबंद के प्रसिद्ध तिंगवा मंदिर मे 1200 कलश बोए गए थे।नवरात्र की नवमी पर दिनभर पूजा अर्चना का दौर चला व देर शाम ज्वारे जुलूस निकाला गया। 1200 कलश लेकर नारी शक्ति अपने सिरों पर धारण कर निकली तो शक्ति की उपासना का अपार जनसैलाब दिखा। साथ दंगल का भी आयोजन हुआ जहाँ पहलवानो ने करतब दिखाए। सुरक्षा की दृष्टि से बहोरीबंद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया थ पुलिस बल के साथ तैनात रहे। कलाकारों के द्वारा भी विभिन्न कलाकृतियां दिखाई गई। वही प्रसिद्ध खड़रा स्थित शारदा मंदिर मे मातारानी के दर्शन करने भक्तो का सैलाब उमड़ा।मातारानी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।दूरदराज क्षेत्र से लोग पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुचे। देर शाम मातारानी के दरबार मैबोये गए ज्वारे व मन्नत कलश को सिर पर धारण कर लोग चले।ज्वारे जुलूस मैं ढोल नगाड़ों की धुन पर देवी भगत गाते हुए भक्तगण चल रहे थे।देर शाम ज्वारे विसर्जित किये गए।वही बहोरीबंद के मरही माता मंदिर से भी ज्वारे जुलूस निकाला जिन्हें सरोवर मैं विसर्जित किया गया।

### उमरियापान में जवारों का विसर्जन

शारदेय नवरात्रि के अंतिम दिन मंगलवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में देवी मंदिरों में बोए गए जवारों का विधिवत पूजा-अर्चना के बाद चल समारोह निकालकर विसर्जन किया गया। अष्टमी और महानवमी के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मातारानी को आठें-अठवाई अर्पित कर भक्तों ने सुख-समृद्धि की कामना की। शाम होते ही नगर के विभिन्न देवी मंदिरों में बोए गए जवारों की पूजा के बाद विसर्जन के लिए भव्य चल समारोह निकाला गया।उमरियापान के बस्ती अंदर बड़ी माई मंदिर, चंडी माता मंदिर, कटरा बाजार, बस स्टैंड, झंडा चौक, कुदवारी मोहल्ला,डोली मोहल्ला, पटेल मोहल्ला में बोए गए जवारें नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए क्यूली तलैया और पुरैना तालाब तक पहुँचे, जहां पूजन-अर्चन के बाद जवारों का विसर्जन किया गया। चल समारोह में श्रद्धालु माता के गीतों पर झूमते-नाचते चलते रहे। कई भक्त मुंह में बाना छेदकर और जलते हुए खप्पर हाथों में लेकर जवारों के आगे-आगे नृत्य करते हुए चल रहे थे। सिर पर जवारा कलश रखी महिलाएं और युवतियां चल समारोह में शामिल रहीं। खप्पर लिए नाचती काली जवारा चल समारोह का मुख्य आकर्षण बनी। जवारा देखने उमरियापान सहित आसपास के गांवों के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे। नगर के मुख्य मार्गों पर उत्सव जैसा माहौल रहा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी दिनेश तिवारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। ग्रामीण अंचलों में भी पारंपरिक विधि-विधान और चल समारोह के साथ जवारों का विसर्जन किया गया।



**मैहर जाते समय टिंशन माता मंदिर में रूके थे आल्हा**

# 36 प्रकार के रोगों से मिलता है निवारण, टिंशन माता मंदिर में समाये हैं कई रहस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

शारदेय नवरात्र का पावन पर्व चल रहा है। भक्त मातारानी की भक्ति आराधना मैं लीन है। पहाड़ियों, कंदराओ मैं कई जगह विराजी माँ अम्बे की महिमा सुनाई देती है!माता का एक ऐसा ही स्थल जो स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत पहरुआ मैं स्थापित है माँ टिंशन माता का मंदिर! नवरात्र मैं प्रतिदिन माँ टिंशन के दरबार मैं श्रद्धालुओं का ताँता लग रहा है।



### 400 वर्ष पुराना है स्थल

सुबह से ही श्रद्धालु माता की भक्ति मैं लीन नजर आ रहे है!टिंशन माता मंदिर के पुजारी राममिलन बर्मन ने बताया कि यह माँ का स्थल 400 वर्ष पुराना है!चार पीढ़ियों से हमारे पूर्वज ही माँ की सेवा करते आ रहे है! इस मंदिर मैं आने वाले लोगों को माँ के दर्शन पूजन से मनोकामना तो पूरी होती ही है साथ ही स्वास्थ्य लाभ भी मिलता है! लोगों को दिमागी टेंशन से राहत मिलती है! साथ ही कोई रूकावट, उलझन से भी मुक्ति मिलती है! सच्चे मन से जो माँ से अर्जी लगाता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है! लोगों कि यहां तक मान्यता है कि लोग यहाँ पर संतान प्राप्ति के लिए भी हाजिरी लगाते है। ओर मन्नते पूरी होने पर पूजन के लिए पहुंचते है। साथ ही 36 प्रकार के रोग ठीक होने की भी मान्यता है।

### ऐसा है माता का दरबार

माता की प्रतिमा नीम के पेड़ के पास विराजमान है!जहाँ पत्थर की शिला भी स्थापित है टिंशन माता मंदिर मैं कंकाली माता की भी प्रतिमा विराजमान है। पुजारी ने बताया कि माता टिंशन के दरबार मैं मैहर जाते समय आल्हा रुके थे, जिनके पदचिन्ह आज भी बने हुए है। पदचिन्ह के पास ही पूर्वजों के द्वारा आल्हा की प्रतिमा स्थापित कर दी गई है। माता टिंशन के दरबार मैं मन्नत कलश बोये जाते है। पहरुआ ग्राम विराजमान माँ टिंशन मंदिर पहुंचने के लिए स्लीमनाबाद, बहोरीबंद व बिलहरी मार्ग से पहुंचा जायेगा।

## महाविद्यालय बड़वारा में निबंध प्रतियोगिता आयोजित



राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बड़वारा द्वारा परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू के निर्देशन में शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । निबंध का विषय था वर्तमान आहार का जीवन पर प्रभाव जिसमें उन्हें राष्ट्रीय पोषण माह की 6 में से एक थीम मोटापा कम करना नमक ,चीनी एवं तेल के कम प्रयोग संबंधी जानकारी शामिल करनी थी सभी छात्र–छात्राओं ने उत्साह पूर्वक इस निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया .इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जितेंद्र कुमार द्वितीय स्थान सरस्वती रैदास तृतीय स्थान रितेश कुशवाहा चतुर्थ स्थान लक्ष्मी चौहान एवं पंचम स्थान सुलभ सिंह ने प्राप्त किया . चयनीत विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लवकुश सिंह के हाथों से महिला एवं बाल विकास द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के आयोजन में पर्यवेक्षक सुश्री परवीन बानो, श्रीमती रेशमा परवीन, श्रीमती अर्पिता तिवारी, ब्लॉक समन्वयक रजनीश, डॉ आदित्य गढ़पाल, व्याख्याता डॉक्टर रामनरेश वर्मा, डॉक्टर मुकेश झारिया, डॉक्टर दादूराम साकेत, श्रीमती कल्पना सतनामी , सुशील चंद्र दुबे, श्रीमती तोशी पटेल उपस्थित रहे।

# मातारानी को अर्पित की गई अठवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

जगत जननी आदिशक्ति की पावन भक्ति का पर्व शारदेय नवरात्र चल रहा है।जिसमे रविवार को नवरात्र की अष्टमी तिथि पर देवी मन्दिरो में भारी भीड़ पूजा अर्चना व दर्शनार्थ के लिए पहुँची। अष्टमी तिथि पर महागौरी की पूजा अर्चना करने भोर होते ही देवी-देवालयों मैं भक्तो का सैलाब उमड़ा।मातारानी को जल अर्पित कर,अठवाई चढ़ाई व पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली के लिए सुख समृद्धि की कामना की गई।देवी मन्दिरो मैं सुबह से लेकर शाम तक विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। भक्तो के द्वारा देवी भगत,संकीर्तन पाठ,भजन मंडलियों के द्वारा रामायण पाठ सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम किये गए।

अष्टमी तिथि पर लोगो के द्वारा अपनी मन्नतों को लेकर व मन्नत पूरी होने पर ढोल-नगाड़ों की धुन के साथ देवी भगत गायन के बीच दंड यात्रा भरी गई। वही सोमवार को नवमी तिथि पर देवी मन्दिरो मैं बोए गए ज्वारो को विसर्जित किया जाएगा।जिसके लिए ज्वारा जुलूस निकलेंगे।जिसमे भक्तो के द्वारा विविध प्रकार की कलाकृतियां पेश की जाएगी। अष्टमी तिथि पर स्लीमनाबाद के सिंहवाहिनी मन्दिर, चंडी माता मंदिर,शारदा मंदिर ,बड़ी माई मंदिर बहोरीबंद के प्रसिद्ध तिंगवा स्थित शारदा मंदिर,पहरुआ स्थित टिंशन माता मंदिर व खडरा स्थित शारदा मंदिर मे दिनभर पूजा अर्चना का दौर चला। वही देवी मन्दिरो के साथ घरो में शारदेय नवरात्र पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हो रहा है। मंदिरों को रंग बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया। नगर सेठानी दुर्गा उत्सव समिति मे महाआरती का आयोजन किया गया।



**1000 दिवस देखभाल में पुरूषों की सहभागिता पर बताया महत्व**

# स्वस्थ भविष्य के लिए ली गईं प्रतिज्ञा, पोषण जागरूकता की दिलाई गईं शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत परियोजना बहोरीबंद मै राष्ट्रीय पोषण अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के बीच पोषण और स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना और कुपोषण से लड़ना है। हर साल इसे अलग-अलग अवधि में आयोजित किया जाता है। शनिवार को तेवरी सेक्टर के आँगनबाड़ी केंद्र खम्हरिया मै पोषण अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहाँ पर्यवेक्षक पुष्पा आरख के द्वारा बतलाया गया कि पोषण अभियान का मुख्य उद्देश्य कुपोषण को दूर करना और कमजोर वर्गों में पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाना। स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना। बच्चों के जीवन के पहले 1,000 दिनों के महत्व पर जोर देना, क्योंकि यह उनके विकास और स्वास्थ्य की नींव रखता है। प्रसवपूर्व देखभाल, उचित पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच को प्राथमिकता दें। एक स्वस्थ भविष्य के लिए प्रतिज्ञा लें – स्वस्थ भोजन करें, सक्रिय रहें और जागरूकता फैलाएं।



पोषण अभियान, कुपोषण से निपटने, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और 6 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए पोषण परिणामों में सुधार करने के अपने मिशन को जारी रखता है। पोषण अभियान सिर्फ़ एक जागरूकता अभियान नहीं है यह पोषण, एक माँ, एक बच्चा और एक समय में एक भोजन को बदलने का एक आंदोलन है। तीव्र कुपोषण के सामुदायिक-आधारित प्रबंधन के माध्यम से कुपोषण का पता लगाने और प्रबंधन में मदद मिलती है। अभियान में कुपोषण दूर करने के उपाय बताए गए। पोषण अभियान 2025 की 6 मुख्य थीम संतुलित आहार, स्वच्छता, समय पर टीकाकरण ओर मातृ-शिशु स्वास्थ्य शामिल हैं। कार्यक्रम के समापन पर देवी पंडालो मै जाकर मौजूद लोगों को पोषण जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

## विज्ञान एवं गणित में जिज्ञासा बढ़ाने दिया जा रहा प्रशिक्षण

# रचनात्मक गतिविधियों से बढ़ रही छात्रों में जिज्ञासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में आईआईटी गांधीनगर से प्रशिक्षित डाइट फैकल्टी एवं रिसोर्स पर्सन द्वारा जिले के 102 विद्यालयों को जिज्ञासु किट द्वारा छात्रों में विज्ञान एवं गणित के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करने हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा अपने विद्यालय के गणित एवं विज्ञान शिक्षकों को एक सप्ताह में प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही विद्यालय में जिज्ञासा कॉर्नर स्थापित किया जाएगा एवं कक्षा 6, 7 तथा कक्षा 8 के बच्चों को लर्निंग बाय डूइंग के सिद्धांत पर सिखाकर उनमें विज्ञान एवं गणित विषय के प्रति रुचि विकसित की जाएगी। जन शिक्षा केंद्र में प्रशिक्षित गणित एवं विज्ञान विषय के दो शालाओं के शिक्षकों द्वारा जन शिक्षा केंद्र की सभी शालाओं के गणित एवं विज्ञान के नियमित एवं अतिथि शिक्षकों को भविष्य में प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि बच्चों में गणित एवं विज्ञान के प्रति सहज दृष्टिकोण विकसित हो सके।



### चीजें खोजें व निष्कर्ष निकालें

उल्लेखनीय है कि डाइट कटनी द्वारा लगातार शिक्षकों को संदेश दिया जा रहा है कि वह कक्षा में ऐसा माहौल पैदा करें जिससे बच्चे स्वयं ही चीजों को खोजें, बनाएं और खुद ही निष्कर्ष निकाले। शिक्षक केवल उन्हें निष्कर्ष निकालने में जरूरी मदद करें। साथ ही शिक्षकों को यह भी निर्देश दिए गए है कि जब तक हम खुद जिज्ञासु नहीं होंगे तब तक हमारे बच्चे जिज्ञासु नहीं होंगे। शिक्षकों को हमेशा चिंतन करना होगा कि वह प्रयोग के माध्यम से कठिन अवधारणाओं को सरलता से कैसे स्पष्ट कर सकते हैं।

कार्यशाला के दौरान सक्रिय शिक्षकों को भविष्य में विभिन्न उच्च स्तरीय संस्थानों में प्रशिक्षण हेतु भेजने के साथ-साथ जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर प्रोत्साहित करने के प्रस्ताव भेजने की भी योजना है।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षक प्रभारी कल्पना खरे, वरिष्ठ व्याख्याता राजेंद्र असाटी, व्याख्याता राकेश सिन्नरकर, ज्योति श्रीवास्तव, सुमित गर्ग, सत्येंद्र मौर्य ने विभिन्न गतिविधियों को प्रतिभागियों से कराते हुए उनके वैज्ञानिक कारणों पर विस्तार से चर्चा की। विभिन्न विद्यालयों से छात्रों की गतिविधियां प्राप्त हो रही हैं जो बहुत उत्साहित करने वाली हैं। प्रशिक्षण के पश्चात गणित एवं विज्ञान शिक्षक विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग कर रहे हैं जिससे आनुपातिक रूप से सीखने की गति में वृद्धि हुई है।



# माँ सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

शक्ति की उपासना का पर्व शारदेय नवरात्र की नौ दिनों तक स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे धूम रही।देवी मन्दिरो से लेकर पंडालों तक भक्तिमय धार्मिक वातावरण बना रहा। शारदेय नवरात्र की नवमी पर मंगलवार को मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही मातारानी के दर्शन के लिए भक्त देवी मंदिरों मैं पहुँचे ।मातारानी को जल अर्पित कर मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। वही दुर्गा पंडालों मैं भी विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। दुर्गा प्रतिमाओं को गुरुवार को विदाई दी जाएगी। नवमी पर बहोरीबंद के प्रसिद्ध तिंगवा स्थित शारदा मंदिर अपार जनसैलाब उमड़ा।लोगो ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। वही अपनी मन्नतों को लेकर दंडे भरी गई।

स्लीमनाबाद स्थित नगर महारानी शिवशक्ति दुर्गोत्सव समिति व नगर सेठानी पूजा दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान मैं मातारानी को 56 भोग अर्पित किए गए। साथ ही नवमी पर देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालो पर हवन पूर्णाहुति हुई। साथ ही कन्या पूजन कर कन्या भोज के साथ विशाल भंडारा आयोजित हुआ।बाल कलाकारों के द्वारा गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। शारदेय नवरात्र के पावन पर्व पर स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मैं महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती कर विश्व कल्याण की कामना की गई। इसके बाद देवी भगते गाई गईं। सिंहवाहिनी मंदिर मै चल रहे देवी भागवत नवाहयज्ञ का मंगलवार को हवन यज्ञ पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। बुधवार को कन्या पूजन, कन्या भोज के साथ विशाल भंडारा आयोजित होगा।

आज हवन की पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा दस दिवसीय अनुष्ठान

# महाकाली दरबार में आरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां महाकाली के दरबार में आस्था और भक्ति का महासंगम देखने को मिला। सोमवार को आयोजित भव्य महाआरती में नगर सहित आसपास के गांवों सहित से आए श्रद्धालुओं ने हजारों की संख्या में सम्मिलित होकर मां के चरणों में हाजिरी दी। आरती के दौरान मां महाकाली के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

सुबह से ही महाकाली प्रांगण में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया, वैसे-वैसे परिसर और नगर की गलियां भक्तों से भरती चली गईं। शाम को महाआरती के समय तो हालात यह रहे कि मंदिर प्रांगण खचाखच भरा हुआ था और श्रद्धालु मंदिर परिसर के बाहर खड़े होकर भी आरती में शामिल होते दिखे।भक्तों ने दीप जलाकर और फूल अर्पित कर मां महाकाली से सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। कई श्रद्धालु पूरे परिवार के साथ दर्शन करने पहुंचे।

श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रशासन और आयोजन समिति ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख़्ता इंतज़ाम किए। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ जगह-जगह स्वयंसेवकों को भी लगाया गया, जिससे भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित हो सके।

महाकाली दरबार के मुख्य आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री ने महाआरती को दिव्य अनुभव बताते हुए कहा कि नवरात्रि में तेंदूखेड़ा का महाकाली दरबार विशेष महत्व रखता है। यहां दर्शन कर श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति और नई ऊर्जा की अनुभूति होती है।

आज हवन की पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा दस दिवसीय अनुष्ठान

मंगलवार को कार्यक्रम में विशेष आकर्षण रहा विशाल भंडारा, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसादी स्वरूप पूड़ी-सब्जी और हलवा परोसा गया। आयोजन समिति के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने भंडारे में आने वाले हर श्रद्धालु को बड़े श्रद्धाभाव से भोजन कराया। भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। महाकाली दरबार में चल रहे दस दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन आज होगा। अनुष्ठान की पूर्णाहुति भव्य हवन के साथ की जाएगी। हवन में क्षेत्रभर से आए श्रद्धालु सम्मिलित होकर आहुतियां अर्पित करेंगे और मां से सुख-समृद्धि व कल्याण की कामना करेंगे।

# भक्तिभाव से किया जवारे विसर्जन



**सिंग्रामपुर।** नवरात्रि महापर्व के समापन अवसर पर ग्राम तिलगवां के बड़े दिवाले में परंपरागत रूप से जवारे विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और आज भी पूरे उत्साह और आस्था के साथ निभाई जाती है। नवरात्रि के पहले दिन गांव के श्रद्धालुओं द्वारा बड़े दिवाले में पवित्र विधि-विधान से जवारे बोए गए थे। नौ दिनों तक निरंतर पूजा-अर्चना, सेवा और भक्ति के वातावरण में जवारे का पालन किया गया। नवमी तिथि को, पूरे गांव के लोग बड़ी धूमधाम और भक्ति भाव से एकत्रित हुए। जवारे विसर्जन यात्रा में ढोल-नगाड़ों की गूंज, देवी माता के जयकारों और भक्तों की उमंग देखते ही बनती थी। यात्रा के प्रारंभ में ढोल-नगाड़े गूंज रहे थे, बीच में देवी मैया की सवारी सजाई गई थी और उसके पीछे श्रद्धालु अपने सिर पर जवारे धारण किए हुए चल रहे थे। महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं, वहीं युवक-युवतियां नाचते-गाते उत्सव की शोभा बढ़ा रहे थे। पूरी यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए प्राचीन मंदिर प्रांगण में पहुंची, जहां पूजन-अर्चन और विधि-विधान के बाद समीप के तालाब में जवारे का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर गांव में मेला जैसा माहौल रहा। हर उम्र के लोग – बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग – उत्साहपूर्वक इस धार्मिक परंपरा में शामिल हुए। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है। ग्रामवासियों का मानना है कि इस परंपरा से गांव में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है।

## नवमी को किया हवन, जवारों का हुआ विसर्जन





**जबेरा।** शारदीय नवरात्रि में समस्त ग्रामवासी विगत पिछले नौ दिनों से जगदंबा की भक्ति में लीन है। ग्राम की प्राचीन खेर माता मंदिर में भक्त लोग सुबह 4:00 बजे से माता को जलचढ़ाने के लिए भक्त जनों की लाइन लगी रहती है। पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ श्रद्धालुओं के द्वारा 9 दिन का कठोर उपवास किया जा रहा है। ग्राम में विराजमान समस्त दुर्गा पंडालों में नवमी के दिन सुबह से हवन किया गया। उसी क्रम में मिलन दुर्गोत्सव समिति जबेरा की पंडाल में रवि शंकर बाजपेई, देवी प्रसाद शर्मा, महेश विश्वकर्मा, नंदकिशोर बाजपेई, विनोद बाजपेई तथा अन्य भक्त गणों ने पूरी श्रद्धा के साथ हवन किया। वहीं दोपहर में नरसिंह देवालय से धूप निकाली गई तथा शाम की समय जवारों के जत्थों ने ग्राम में भ्रमण करती हुई खेर माता मंदिर में मां दुर्गा की उपासना करने के उपरांत समस्त ग्राम के जवारों को पुराने तालाब में विसर्जित किया गया।

## कुण्डलपुर ग्राम में विराजी मां की प्रतिमायें



शंकर जी मंदिर समिति कुंडलपुर



नवदुर्गा उत्सव समिति कुंडलपुर तालाब के पास

# देवी जागरण में पहुंचे सांसद

**दमोह।** नवरात्रि के सातवें दिन स्टेशन नगर पालिका परिसर एकता दुर्गा उत्स्व समिति के तत्वाधान में कृष्णा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा देर रात तक माता रानी का जगराता आयोजित किया गया। जिसमें दमोह सांसद राहुल सिंह, जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे,भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति के पूर्व सदस्य सत्येंद्र साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मालती असाटी, कांग्रेस सेवादल के पूर्व अध्यक्ष सतीश कल्लन जैन, भरत यादव,आलोक मुखरैया,विधान पाराशर, अभिषेक इटोरया,कृष्णा पटेल, शंकर गौतम, विज्जु गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने भी देर रात तक जयकारे लगाए. एकता दुर्गात्सव समिति के प्रमुख जगराता के आयोजक भाजपा के पूर्व महामंत्री सतीश तिवारी ने सभी अतिथियों का तिलक व चुनरी उड़ाकर स्वागत किया.हजारों दर्शकों को हलुये का प्रसाद वितरण देर रात तक चलता रहा।

# जबेरा में निकली 111 फुट लंबी चुनरी यात्रा

## भक्तों ने मां खेर माता के लिए की अर्पित



**जबेरा।** नवरात्रि की पावन अवसर पर शिव शक्ति दुर्गोत्सव समिति पुराने अस्पताल परिसर में विराजमान मां महाकाली के द्वार से खेर माता मंदिर के लिए भव्य चुनर यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम में भक्ति और उत्साह का अनोखा दृश्य देखने को मिला। यहां आयोजित भव्य चुनर यात्रा में समस्त ग्राम वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया यह यात्रा पुराने अस्पताल परिसर से ग्राम में भ्रमण करते हुए खेर माता मंदिर पहुंची। 111 फीट लंबी चुनरी को श्रद्धालुओं ने हाथों में उठाकर के माता को अर्पित किया। चुनरी यात्रा में बच्चे युवा और बुजुर्ग शामिल हुए मार्ग में विभिन्न स्थानों पर भजन आरती और नृत्य की माध्यम से माता भक्ति का संदेश फैलाया गया।

भक्ति जयकारा लगाते हुए बैंड बाजे की धुन पर नृत्य करते हुए माता को चुनरी चढ़ाने में भागीदारी करते रहे पूरे दृश्य में उत्साह और भक्ति का अद्भुत मिश्रण दिखाई दिया। माता के पुजारी ने बताया कि यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं क्षेत्र में सुख शांति समरसता और खुशहाली बनाए रखने का संदेश भी देती है पिछली 10 वर्षों से यह यात्रा नवदुर्गा उत्सव के अवसर पर आयोजित की जाती है। यात्रा में सम्मिलित सभी श्रद्धालुओं और ग्राम वासियों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की जाती है। इसमें कोई भी भक्त सहज रूप से यात्रा का हिस्सा बन सकता है। ग्राम वासियों ने बताया की चुनर यात्रा से ग्राम में भक्ति का उत्साह बढ़ता है तथा पूरे क्षेत्र में धार्मिक एवं सामाजिक समरसता को मजबूती मिलती है। यह यात्रा सभी वर्गों के लोगों को जुड़ने के साथ ही नवदुर्गा उत्सव की गरिमा

# धूमधाम से निकाले गए जवारें

## घर-घर हुआ कन्या भोजन का आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को पंचांग के हिसाब से मां अष्टमी एवं जवारो के हिसाब से नवरात्रि के नौ दिन पूर्ण होने पर धूमधाम से बैंड बाजों के साथ जवारों का विसर्जन किया गया। नौवें दिन सुबह से नगर की खेरापति माता मंदिर, देवी मंदिरों एवं देवी के दिवालो,पडालो मे हवन पूजन कर कन्याओ के पैर पखार कर कन्या भोज कराए गए। घरों में भी कन्या भोज कार्यक्रम संपन्न हुए पंडित बलराम शास्त्री छुल्ला वालों ने बताया कि माता सिद्धिदात्री का सच्चे मन से भक्ति भाव से पूजन करने पर अणिमा, महिमा, गरिमा, लंघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईष्वरत्व एवं वषित्व आदि आठ प्रकार की सिद्धियों की प्राप्ति होती है। नवमी के दिन सुबह से ही मॉ आदिषक्ति के उपासक मातारानी के जवारों की विदाई की तैयारियों में लग गए मंदिरों एवं मातारानी के दिवालों में हवन पूजन के बाद कन्या भोजन हुए उसके बाद शाम 4 बजे से दिवालों से जवारे बड़ी धूमधाम से बैंड बाजों के साथ नगर के मुख्य मार्गों से निकाले गए जिसमें माताएं बहिनें देवी मॉ की भक्तें गाती हुई एवं कुछ माताएं बहिनें सिर पर खप्पर रख कर भाव खेलती चल रहीं थी, जवारे नगर भ्रमण करते हुए मढ़ियाघाट पहुंचे जहां पूजन अर्चन कर जवारे विसर्जित किए गए उसके बाद सभी उपासकों ने अपने मातारानी का प्रसाद ग्रहण कर ब्रत खोले।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**दमोह।** मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया डॉं. जतिन दुबे ने बताया राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश अनुसार, राष्ट्रीय वृद्धजन देखभाल कार्यकम अंतर्गत अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 01 अक्टूबर 2025 स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में किया जायेगा। उक्त शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त वृद्धजन को स्वास्थ्य सुविधाये प्रदान किया जाना है। उन्होंने कहा आज 01 अक्टूबर को आयोजित होने वाले शिविर में दन्त रोग, नेत्र रोग, हाईपरटेंशन व डाइबिडिस, एवं व्यायाम से सबंधित स्वास्थ्य जांच की जायेगी।

# चौबीसा क्षेत्र में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, जवारे दर्शन को उमड़ी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

शारदीय नवरात्रि की महा नवमी पर चौबीसा क्षेत्र के इष्ट देवी मांटेना शक्तिधाम में श्रद्धालुओं का आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में भक्तों की भारी भीड़ नजर आई, जिन्होंने माता के दरबार में घट स्थापना और जवारे दर्शन कर अपनी अटूट भक्ति प्रदर्शित की। मांटेना धाम में नर हो या नारी, बच्चे, बुजुर्ग, युवा सभी हाथ जोड़े खड़े होकर माता के चरणों में भक्ति भाव के दुर्लभ पलों के साक्षी बने। भक्तों ने लोहे के बाना छिदवाकर मां के नाम की शक्ति प्रकट की और अग्नि से प्रज्वलित ज्वाला खप्पर के माध्यम से श्रद्धा का अद्भुत प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार हजारों श्रद्धालु महानवमी के अवसर पर जवारे दर्शन और पूजन के लिए शक्तिधाम पहुंचे। धाम की संपूर्ण स्थल सजावट रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा रही थी। दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने भव्यता के साथ नवरात्रि पर्व का आयोजन किया। इसी क्रम में चिलोद के टपरिया से भी भव्य जवारे विसर्जन यात्रा निकाली गई, जिसमें महिला, पुरुष, बच्चे, युवा और बुजुर्ग भजन-कीर्तन करते हुए माता की भक्ति में लीन होकर यात्रा में शामिल हुए। मांटेना शक्तिधाम में माता दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना और भक्तों की आस्था ने नवरात्रि महोत्सव को क्षेत्र में यादगार बना दिया।

# नवरात्रि में मां दुर्गा के दरबार में शेर नृत्य की परंपरा



**बनवार।** जबेरा ब्लॉक के वनवार क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी पर सदियों पुरानी शेर नृत्य की परंपरा का आयोजन हुआ युवा और बच्चे शेर की वेशभूषा पहनकर देवी के दरबार में नृत्य करते हुए मां दुर्गा के वाहन शेर की महिमा का प्रदर्शन करते हैं। यह परंपरा साल के दोनों नवरात्रों मं निभाई जाती है। पंडित ऋषिकांत गर्ग ने बताया कि दुर्गा अष्टमी के दिन मां दुर्गा का वाहन शेर गांव में भ्रमण करता है और यह आयोजन प्राचीनतम परंपरागत है।माना जाता है कि मां दुर्गा का शेर पर सवारी करना एक प्राचीन कथा से जुड़ा है। कहा जाता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए घोर तपस्या की थी। तपस्या के दौरान उनका रंग सांवला पड़ गया था कैलाश पर्वत छोड़ माता वन में तपस्या करने बैठीं तब एक भूखा शेर वहां आया लेकिन माता की भक्ति देखकर चुपचाप बैठा रहा कई वर्षों तक माता के तपस्या में शेर वहीं रहा और अंततः माता पार्वती के शरीर से काली देवी कौशिकी प्रकट हुई। इसके बाद माता गौरी ने प्रसन्न होकर शेर को अपना वाहन बना लिया और तभी से मां दुर्गा शेरांवाली कहलाने लगी।बनवार में विराजमान जगत जननी के दरबार में शारदीय नवरात्रि के इस आयोजन में लोगों की भारी भीड़ जुटी और शेर नृत्य की धूम देखी गई इस अनोखी परंपरा ने बुंदेलखंड के धार्मिक व सांस्कृतिक रंग को और जीवंत बना दिया।

## छात्र-छात्राओं की सुविधा हेतु जिले में शुरू हुआ समर्थ दमोह यूट्यूब चैनल

**दमोह ।** समर्पण निशुल्क कोचिंग क्लास की सफलता के बाद कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में अब विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए समर्थ दमोह यूट्यूब चैनल की शुरुआत की गई हैं। जिसका नियंत्रण स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा। यूट्यूब चैनल में विद्यार्थियों की कठिन अवधारणाओं को विषय विशेषज्ञों द्वारा सरल भाषा में वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा समय-समय पर स्कूल शिक्षा विभाग की विभिन्न जानकारियां मेरिट में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों की कॉपियां, पाठ्यक्रम आदि का विस्तृत विवरण चैनल के माध्यम से विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जायेगा। इस सबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने बताया मासिक पाठ्यक्रम पर आधारित विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए वीडियो यूट्यूब चैनल के माध्यम से विद्यार्थियों को प्राप्त होंगे। यूट्यूब चैनल के प्रचार प्रसार नियंत्रण एवं विद्यार्थियों तक सहजता से पहुंच बनाने के लिए मोहन राय ए पी सी दमोह एवं चित्रांश साहू उच्च माध्यमिक शिक्षक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह को नोडल अधिकारी बनाया गया हैं।

## अभिमन्यु अभियान के तहत किया जागरूक

**दमोह।** महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं महिला सुरक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अति0पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया जिला दमोह के निर्देशन में एवं उप पुलिस अधीक्षक म सु शा सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जागरुकता अभियान अभिमन्यु संचालित किया जा रहा हैद्ध अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, लैगिंक समानता,महिला सम्मान और सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है उनि नीता बडगैया महिला थाना एवं जिले में संचालित शक्ति मोबाईल में तैनात मप्रआर. मंजू टंडन, आर. अपर्णा द्वारा शहर में आम पुरुषों एवं महिलाओं को अभिमन्यु अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर शहर के घंटाघर चौराह, कीर्तिस्तंभ चौराहा, एसपी आफिस, तहसील ग्रांउड गरबा स्थल पर सेल्फी प्वांइट स्थापित कर व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। इस प्रकार अभियामन्यु अभियान-03 के अंतर्गत जिलेभऱ में लगातार विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं विशेषकर पुरुषों को जागरुक किया जा रहा है।

## वनस्पति तेलों को बढ़ावा देने हेतु कार्यशाला संपन्न




**दमोह ।** यूरोपीय संघ द्वारा वित्तपोषित कार्यक्रम "खाद्य सुरक्षा एवं जलवायु-संवेदनशील भविष्य के लिए पुनर्योजी कृषि पद्धतियों को बढ़ावा" के अंतर्गत सॉलिडैरिडाड एवं एन सी एच एस ई ने जिला दमोह में बहु-हितधारक मंच (एमएसपी) कार्यक्रम का आयोजन किया। दो पैनल चर्चाओं के माध्यम से पुनर्योजी तेलहन फसलों एवं मूल्य श्रृंखला विकास के लिए चुनौतियों और अवसरों की पहचान की गई। इसमें नीतिगत समन्वय, तकनीकी नवाचार, किसानों के लिए वित्तीय सहयोग और निजी क्षेत्र की भागीदारी को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई। साथ ही, जैव-इनपुट तंत्र, मृदा स्वास्थ्य सुधार एवं पुनर्योजी उत्पादों के बाजार-संपर्क को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान एक कोर ग्रुप का गठन किया गया जो पहचाने गए मुद्दों को आगे बढ़ाते हुए उच्चस्तरीय नीति संवाद में सहयोग करेगा, जिससे जलवायु-संवेदनशील एवं टिकाऊ तिलहन क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

## खेरमाता मंदिर में 21 किलो का पुष्पहार अर्पित



**बनवार।** नवरात्रि पर्व पर मां दुर्गा की भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम ग्राम घटेरा के खेरमाता मंदिर प्रांगण में देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने माता रानी को 21 किलो वजनी भव्य पुष्पहार अर्पित कर अपनी अटूट श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर पूरा गांव मां की भक्ति में रंगा नजर आया। सुबह से ही ग्रामीण परंपरागत वाद्ययंत्रों — ढोल, नगाड़ों और बैंड बाजों के साथ माता के दरबार पहुंचे। मंदिर प्रांगण में भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। विधिविधान से पंडित ऋषिकांत गर्ग ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुष्पहार अर्पण कराया। इसके उपरांत महाआरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 108 दुर्गा चालीसा पाठ रहा। सामूहिक स्वर में दुर्गा चालीसा का पाठ गूंजा तो पूरा वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भजन-कीर्तन किया और भक्तों ने जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान कर दिया। स्थानीय समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि हर साल नवरात्रि पर विशेष अनुष्ठान और आयोजन होते हैं, लेकिन इस बार पुष्पहार अर्पण ने इसे और भी भव्य बना दिया।

## खास बातें

### 13 जुआरियों पर कार्यवाही

**दमोह।** कोतवाली पुलिस ने महाकाली चौराहा दमोह के पास रेड कार्यवाही कर 13 जुआरियो पर जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी। पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा अवैध जुआ के विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 30.09.2025 को पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर महाकाली चौराहा के पास दमोह से रेड कार्यवाही कर 13 जुआरियो से 07 लाख 18 हजार रूपये का मसरूका (नगद रूपये, मोटरसाईकिल एवं मोबाईल जप्त किया गया आरोपियो के विरूद्ध थाना कोतवाली दमोह मे जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

### आज संपूर्ण दिवस के लिये दमोह जिले में शुष्क दिवस घोषित

**दमोह।** दशहरा पर्व के दौरान होने वाले कार्यक्रमों एवं जनसमुदाय को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने प्रशासकीय एवं लोकशांति में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये आज 01 अक्टूबर 2025 को संपूर्ण दिवस के लिये दमोह जिले में शुष्क दिवस घोषित किया हैं। उन्होंने कहा उक्त अवधि में जिले की समस्त मदिरा दुकानें, एफ.एल-02, एफ.एल.-03 बार, वाइन शॉप, देशी मदिरा भाण्डागार दमोह एवं हटा बंद रहेंगे। साथ ही इस दौरान संपूर्ण जिले में मदिरा का क्रय विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाये।

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**दमोह।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनों के लिये स्वास्थ्य परीक्षण शिविर प्रदेश के पशुपालन डेयरी विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटैल, संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह, पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष डॉ.रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे की मौजूदगी में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आज 01 अक्टूबर 2025 को प्रातः 10 बजे वृद्धाश्रम जिला अस्पताल के पास आयोजित किया गया है।

### सलैया बड़ी में दुर्गा अष्टमी की भक्ति में डूबा गांव

**बनवार।** जबेरा ब्लॉक के ग्राम सलैया बड़ी में दुर्गा महा अष्टमी के पावन अवसर पर माता रानी की भक्ति का उत्साह पूरे गांव में दिखाई दिया श्रद्धालुओं ने माता रानी को चुनरी अर्पित करने के लिए भव्य चुनरी यात्रा निकाली जिसमें गांव के सभी उम्र के लोग बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ शामिल हुए। चुनरी यात्रा का शुभारंभ दुर्गा पंडाल से हुआ और पोरिया महाराज के मार्गदर्शन में खेल माता मंदिर प्रांगण तक पहुंची जहां पूजा अर्चना और हवन के बाद माता रानी के दरबार में चुनरी अर्पित की गई इस अवसर पर माता की भक्ति और उत्साह देखते ही बन रहा था। ग्राम के पवन सोनी, पवन अग्रवाल, फूल सिंह, कमलेश सिंह, सौरभ अग्रवाल, विमल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे चुनरी यात्रा में शामिल हुए और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया इस आयोजन ने पूरे गांव में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना दिया।

## सर्पदंश पीड़िता की मौत पर जिला अस्पताल में हंगामा

# इलाज में देरी, मौत के बाद हंगामा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला अस्पताल में समय पर इलाज नहीं मिलने तथा कॉल करने के बाद भी डॉक्टरों के नहीं पहुंचने से मरीजों की मौत हो जाने तथा बाद में परिजनों द्वारा हंगामा करने जैसे हालात बनना अब आए दिन की बात हो गई है। मंगलवार को जिला अस्पताल के बाहर हुए प्रदर्शन से यहां से निकल रहे लोगों तथा अस्पताल जा रहे आ रहे लोगों को जमकर परेशानी उठाना पड़े वहीं पुलिस प्रशासन को पहुंचकर पूरा है मोर्चा संभालना पड़ा। ऐसे ही कुछ हालातो के बीच नवरात्र अष्टमी के मौके पर जिला अस्पताल में कुछ घंटे के अंतराल में दो बार हंगामें के साथ इलाज में लापरवाही के आरोपों के हालत निर्मित हुए। हटा के समीप ऑटो पलटने की घटना में घायल दशमी की छात्रा नंदिनी लोधी को हटा से जिला अस्पताल रेफर किए जाने के दौरान एंबुलेंस में ऑक्सीजन का अभाव होने से जान चले जाने का मामला सोमवार शाम शांत भी नहीं हुआ था कि एक और बालिका की इलाज के अभाव में मौत हो जाने के मामले में लोगों को झकझोर कर रख दिया। दरअसल अर्थखेड़ा निवासी मासूम मीनाक्षी लोधी को सर्पदंश के बाद इलाज के लिए परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुचे थे। जहा घंटे भर तक इलाज के नाम पर औपचारिकताएं की जाती रही पीआईसीयू वार्ड में भर्ती करने के बाद भी यहां तक की अस्पताल प्रबंधन के कार्य करने पर भी डॉक्टर नहीं पहुंचे जिससे मासूम की समय के पहले ही सांसे थम गई। इसके बाद परिजनों के साथ गांव के लोगों ग्रामीण जनप्रतिनिधियों का गुस्सा भड़कते देर नहीं लगी और अस्पताल परिसर में हंगामा के हालात निर्मित हो गए। जिसकी जानकारी लगते ही राम दल जुलूस की ड्यूटी की तैयारी में जुटे सीएसपी एचआर पांडे, टीआई मनीष कुमार, तहसीलदार रोविन जैन आदि जिला अस्पताल पहुंचे उन्होंने सिविल सर्जन प्रहलाद पटैल के साथ मरीज के परीजन तथा नाराज लोगों से चर्चा करके कार्रवाई का भरोसा दिलाकर मामला शांत हुआ। इस दौरान जिला अस्पताल के हालात को लेकर मरीज के परिजनों के साथ कांग्रेस नेताओं ने गंभीर आरोप लगाए। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद जिला अस्पताल के बाहर उपरोक्त घटनाक्रम को लेकर कॉल करने के बाद भी नहीं आने वाले डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एक बार पुनः हंगामा प्रदर्शन किया गया। जिससे जिला अस्पताल अंबेडकर चौक क्षेत्र में जाम के साथ अफरा तफरी भरे हालत निर्मित होते देर नहीं लगी। सूचना मिलने पर पुनः पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर कार्रवाई का भरोसा देकर प्रदर्शन को समाप्त कराया। लेकिन इस दौरान पुनः आम नागरिकों को अवस्थाओ का शिकार होकर परेशान होना पड़ा। कुल मिलाकर इस तरह के मामलों में जल्द कार्रवाई के साथ जिम्मेदारी तय किया जाना आवश्यक हो गया है।

## प्रसूतिका की मौत पर हंगामा

### बटियागढ़ में शव रख कर प्रदर्शन



**दमोह।** जिले के बटियागढ़ थाना अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र में एक प्रसूतिका की मौत हो जाने के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के बाहर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया तथा जाम लगा दिया जिससे देर तक अफरा तफरी के हालात बने। बताया जा रहा है कि डिलीवरी के लिए उपरोक्त महिला को भर्ती कराया गया था जहां उसकी बात हो जाने पर परिजनों द्वारा इलाज पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए गए तथा सबको सीएचसी बटियागढ़ के बाहर रखकर प्रदर्शन किया गया। मामले में विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है।

## ऑटो हादसे की शिकार छात्रा की एंबुलेंस में आक्सीजन के अभाव में मौत

सोमवार को हटा के पास एक आटो पलटने से गंभीर छात्राओं के इलाज में हटा अस्पताल में लापरवाही देरी के बाद दमोह रैफर कर दिया गया था। जिस एंबुलेंस से दो सगी बहिन छात्राओं को जिला अस्पताल भेजा गया था लेकिन एंबलेंस में आक्सीजन सिलेंडर के अभाव के चलते दमोह पहुचने के पहले ही दसवी की छात्रा नंदनी लोधी की मौत हो गई थी। हादसे में शराबी सहित ऑटो में सवार 5 स्कूली छात्राएं घायल हो गई। जिनमे दो की हालत नाजुक होने से तत्काल उपचार की जरूरत थी। लेकिन काफी देर तक मौके पर डायल 112 और एंबुलेंस सेवा नहीं पहुची। इस दौरान सड़क पर दर्द से कराह रही तड़प रही बेटियों की मदद के लिए गांव की बहू बेटियां आगे आई पंखा झलते हुए वह इनको हिम्मत बंधाती रही। बाद में गांव के लोगों ने ही इनको हटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया। जहां पर त्वरित उपचार के बजाए दो गंभीर छात्राएं को दमोह जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है एंबुलेंस से इनको रेफर किया गया उसमें ऑक्सीजन सिलेंडर नहीं था जिस वजह से सांस लेने में तकलीफ का शिकार नंदिनी की रास्ते में ही मौत हो गई। बाद में दमोह जिला अस्पताल पहुंचने पर नंदिनी लोधी को मृत्यु घोषित कर दिया गया। जबकि उसकी बड़ी बहन सुहानी लोधी का इलाज चल रहा है। बाद में एक और छात्रा चंदा लोधी को भी हटा से जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां उसका इलाज जारी है। जिस कों लेकर जिला अस्पताल में परिजनों के साथ अन्य लोगों ने लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। जिसको समझाईस देकर शांत करा दिया गया था। उल्लेखनिय है कि सोमवार को ही हटा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन चल रहा था जिसमें स्थानीय नेता व अधिकारी सरकारी योजनाओं को बखान करके तालियां बजवाते रहे थे। लेकिन किसी ने भी घायल छात्राओं के इलाज मामले में गंभीरता नहीं दिखाई गई। यदि हटा में ही समय पर घायल छात्राओं को समय रहते उपार मिल जाता तो शायद नंदनी की जान नहीं जाती। उपरोक्त हालात के चलते नवरात्र पर्व के दौरान एक बेटी की मौत हो जाने से परिवार के साथ जहां पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है वही व्यवस्था पर भी सवाल उठने से लोग नहीं चूक रहे हैं। गांव गांव में चल रहे ऑटो रिक्शा आए दिन हादसे के शिकार होते हैं इसके बाद भी परिवहन विभाग द्वारा इन पर अंकुश क्यों नहीं लगाया जाता स्कूल लेकर भी आक्रोश है। इधर इन सभी स्कूली छात्राओं को शासन की साइकिल योजना का क्या लाभ प्राप्त नहीं हुआ था जो वह अपने गांव से ऑटो से स्कूल जाने को मजबूर थी।



आत्म शुद्धि की यज्ञीय प्रक्रिया का नाम दशहरा

## विजय के गौरव में नियोजित युद्ध की पूर्णता ही दशहरा : श्री भगवान





श्री भगवान वेदांताचार्य
महंत, साकेत धाम दमोह

दशहरा के बारे में हम आमतौर पर यही बातें जानते हैं कि श्रीराम ने रावण का वध किया या माँ दुर्गा ने महिषासुर को मारा, पर इसके पीछे कई गहरे रहस्य छुपे है जिन्हें वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक रहस्य जो कि प्राचीन तथ्य पर आधारित हैं।दशहरा केवल एक युद्ध नहीं, बल्कि मन के 10 विकारों पर विजय है । मनुष्य के शरीर में दश इंद्रिय है । प्रत्येक इंद्रिय के अपने गुण अपने दोष भी हैं, हम दोषों की बात कर रहे है जिन्हें काम (वासना),क्रोध (गुस्सा),लोभ,(लालच),मोह (आसक्ति), अहंकार (घमंड), मत्सर(ईर्ष्या), मद(अहंभाव), स्वार्थ,(स्वहित)द्वेष (शत्रुता), आलस्य (सुस्ती) नाम से जानते है ये साधक के अति सूक्ष्म शत्रु है । जो हमें सफलता प्राप्त नहीं करने देते । शास्त्रों में कहा गया है कि रावण के दस सिर वास्तव में इन्हीं के प्रतीक थे जो अहंकार से जुड़े थे। जब श्रीराम रावण को मारते हैं, तो यह प्रतीक होता है स्वयं के भीतर इन दस विकारों को जीतने का इसलिए "दशहरा" में हरण निहित है , जो सीता हरण से प्रारंभ हुआ शक्ति का हरण यह केवल बाहरी राक्षस पर विजय नहीं, बल्कि अंतरात्मा की विजय का उत्सव है। जो शक्ति संपन्नता देती है उसे साधना से प्राप्त किया जाता है यह वाणी कथनात्मक रूप से श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी के साथ ग्राहय चिंतन है जहां वे इस से जुड़ी दूसरी बात बताते हुए कहते है कि शमी वृक्ष का रहस्य भी दशहरा से जुड़ा है पर शमी (खिजड़ी) वृक्ष की पूजा का कारण केवल परंपरा नहीं है। महाभारत के अनुसार, पांडवों ने अपने अस्त्र-शस्त्र शमी वृक्ष में छिपाए थे और विजयादशमी के दिन उन्हें निकालकर युद्ध में गए थे, तब शमी की पूजा को शक्ति और विजय प्राप्ति का प्रतीक माना जाता है। शमी के पत्ते "स्वर्ण पत्र" (सोने के समान शुभ) माने जाते हैं। इसलिए इन्हें एक-दूसरे को देकर समृद्धि और सौभाग्य की कामना की जाती है। यद्यपि समय ने इस परम्पर की सीमित कर दिया और लोग इसे भुला चुके है। रावण दहन से लेकर पांडवों के महाभारत तक असल में युद्ध आत्मशुद्धि की यज्ञ-प्रक्रिया है। पुराने ग्रंथों में रावण दहन को केवल नाटक नहीं, बल्कि एक मानसिक यज्ञ भी बताया गया है। यह "आत्मशुद्धि" का प्रतीक है। इसी कारण से दशहरा को "नवजीवन" आरंभ करने का दिन भी माना जाता है। श्री भगवान पुनः एक दार्शनिक विवेचना में कहते है कि यह ₹सूर्य की विजय₹ का भी दिन है । इस बात पर किन्हीं विद्वानों का ध्यान जाता है लेकिन बात अकाट्य सत्य है।प्राचीन वैदिक दृष्टिकोण से दशहरा वह दिन है जब सूर्य ने अंधकार पर विजय प्राप्त की और दियाली या दीपक के प्रतिनिधित्व के योग से अंधकार का हरण कर लिया।इसका मतलब है कि अंधकार पर प्रकाश की विजय का आरंभ यही से हुआ इसलिए दिया तले अंधेरा बाली कथा प्रचलित है । इसे "ऊर्जा की जीत" और "प्रकाश के युग" की शुरुआत भी माना जाता है। विजयादशमी यज्ञ की पूर्णता और युद्ध का शंख नाद है जो शुभता का संकेत लिए है । नए अभियानों को मूर्त रूप देने की शुरुआत है । इस दिन को सर्वसिद्ध भी माना गया है। इसलिए आज से लोग नया व्यापार, नये वाहन खरीदना, घर का निर्माण कार्य शुरू करना या शस्त्र आदि पूजा करते हैं। जिसमें रण में हरण की विषमता को उजागर करने वाले युद्ध का आगाज़ भी समाहित रहा। यह बहुत गहरा और ज्ञानवर्धक विषय है । जिसमें पंच ज्ञान और पांच कर्म इंद्रिय दोनों मिलकर दस अपना ही प्रतिनिधित्व कर बल ऊर्जा और स्वाभिमान की रचना में सहयोग देती है। जिससे विजय प्राप्त कर राष्ट्रीय उद्देश्यों की भूमिका में शक्ति संपन्नता साथ रहे।

## कल्याणपुरा में 520 एकड़ में बनेगी गौ-शाला

**दमोह।** मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है जिसके कारण युवाओं को रोजगार भी मिलता है साथ-साथ इस योजना में 50 प्रतिशत अनुदान यानि 1 लाख 47 हजार हितग्राही देगा और 1 लाख 47 हजार सरकार मिलाकर देगी और किसानो व युवाओ को उनके पसंद की भैसें दिलायी जायेगी जहॉ पर भी अच्छी नस्ल की भैसें मिलती है। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने स्थानीय जटाशंकर में आयोजित मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना अंतर्गत भैंस वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा उसमें 1 लाख 47 हजार इंश्योरेंस साथ ही उनके आने जाने का खर्चा भी सरकार भी दे रही है, वहॉ पर भोजन और रूकने की व्यवस्था भी सरकार कराती है। जब उनको को कोई भैंस पसंद आ जाती है तो वह हितग्राही के लिए सुरक्षित कर देते है। पशुपालन राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा आज डेयरी प्लस के नौ हितग्राही 18 भैसें लेकर आये है उनको बहुत-बहुत बधाई देता हूॅ, यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा अभी 200-250 भैसें दमोह में आयेगीं जो किसानों तक पहुॅचेगी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अक्सर कहते है कि पशुपालन ही किसानों की आय दुगुना कर सकता है और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश है कि पशुपालन को बढ़ाया जाये। आज हमारा कृषि का उत्पादन चरम पर है, किसानों की आय बढ़ाना और लोगों को रोजगार देना, मुझे लगता है कि पशुपालन ही ऐसा माध्यम है, जिससे लोगो की आय बढ़ायी जा सकती है, पर्याप्त मात्रा में रोजगार का सृजन भी होगा। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना के माध्यम से 200 गाय और 200 भैसें ले सकते है, अभी बहुत बड़ी -बड़ी गौशाला बना रहे है जिसको नाम दिया है गौकुलधाम वहॉ पर गाय को स्वस्थ और अच्छा रखने के लिये पूरे प्रदेश में 4000 एकड़ भूमि विभाग के लिए आवंटित हो गयी है, टेंडर भी जारी हो गया है। नरसिंहगढ़ के पास कल्याणपुरा में 520 एकड़ में गौ-शाला बना रहे है, जिसमें 25 हजार गौवंश जो निराश्रित है उसको रखा जायेगा और उसको स्वावलंबी बनाने से आशय है कि उससे पैसे अर्न हो और जो भी इसका संचालन करें वह पैसे भी अर्न करें और गायों को भी सुरक्षित, व्यवस्थित और ठीक तरीके से रखें जिससे गौवंश सेवा भी ठीक तरीके से हो।

## ग्रामों को साफ और स्वच्छ बनाना हम सब की जिम्मेदारी

**हिंडोरिया।** ग्राम पंचायत आनु में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन17 सितंबर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में विकासखंड दमोह के ग्रामपंचायत आनु में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत संगोष्ठी, श्रमदान का आयोजन मेरा युवा भारत दमोह द्वारा किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।इसके वाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें आमंत्रित अतिथियों द्वारा युवाओ को स्वच्छता बनाये रखने हेतु नियमित श्रमदान की बात कही।उपसरपंच मुन्ना सिंह ने कहा कि ग्रामो को साफ और स्वच्छ बनाना हम सब की जिम्मेदारी है।इस अवसर पर जितेंद्र सिंह बांसातारखेड़ा नेहरू युवक मंडल ने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंधित कर शादी विवाह एवं अन्य आयोजनों में दोना पत्तल एवं स्टील की थाली एवं गिलास के उपयोग से पर्यावरण में होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सकेगा। साथ ही समाज को आर्थिक लाभ भी होगा।जो समाज की उन्नति में सहयोगी सिद्ध होगा।इसके बाद चंडी जी मैदान में ग्रामवासियों द्वारा प्लास्टिक संग्रहण कर सफाई श्रमदान किया गया।इस अवसर पर मिशन जन जागृति युवा मंडल कार्यक्रम समन्वयक द्वारा प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।अंत मे अतिथियों को स्मृति चिन्ह वितरित कर सभी का आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत दीवारलेखन भी किया गया।इस अवसर पर सहायक सचिव वीरसिंह,आगनवाड़ी कार्यकर्ता झरोखा ठाकुर,जगदीश दाहिया, विजय सिंह,खेत सिंह, के साथ बड़ी संख्या में युवाओ की उपस्थिति रही।



## बिजली तार से झंडा टकराया, करेंट से युवक की मौत

**दमोह।** जवारा विसर्जन जुलूस के दौरान हाथ में झंडा लेकर जा रहे हैं युवक की करंट लग जाने से मौत हो जाने का दुखद दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया है दरअसल झंडे के बिजली तार से टकरा जाने के बाद फैले करंट की वजह से यह घटना होना बताया जा रहा है। यह पूरा घटनाक्रम तेंदूखेड़ा से करीब दस किमी दूर देवरी निजाम गांव का बताया जा रहा है जहां नवरात्र नवमी पर परंपरा अनुसार मंगलवार को गांव के लोग बड़ी संख्या में ज्वारे विसर्जन के लिए नदी घाट जा रहे थे। महिलाए सर पर जवारे रखे हुए थी वही अनेक लोग गालों में वाना छेद कर माँ के प्रति अपनी आस्था प्रगट कर रहे थे। जबकि आने की युवा के हाथों में बड़े-बड़े झंडा लेकर चल रहे थे। इन्हीं में से एक युवक संदीप पिता धन्नू यादव अपने हाथ में माता का झंडा लेकर आगे चल रहा था। इस दौरान खेत के ऊपर से निकली विद्युत की मेन लाइन में झंडा टकरा गया। जिससे करेंट लगने से युवक झंडा सहित चिपक कर रह गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक उसकी सांसे थम चुकी थी। बाद में परिजनो के साथ गांव के लोग उसे लेकर तेंदूखेड़ा अस्पताल पहुचे। जहा जांच करके डाक्टर ने संदीप को मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा जाएगा। इस दुखद दर्दनाक घटनाक्रम से गांव में मातम पसरा हुआ है परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है वही पुलिस ने अस्पताल की तहरीर पर मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जवारे विसर्जन के दौरान दर्दनाक हादसा

## ऑटो को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला



**दमोह/बटियागढ़।** दमोह से छतरपुर की ओर खाद्य सामग्री लेकर जा रहा एक ऑटो रविवार को सड़क हादसे का शिकार होते-होते बच गया। जानकारी के अनुसार, ऑटो में बड़ी मात्रा में फॉर्च्यून तेल व अन्य खाद्य सामग्री भरी हुई थी। रास्ते में अचानक एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो बुरी तरह डगमगा गया और सड़क किनारे जाकर रुका। गनीमत रही कि हादसे में चालक बाल-बाल बच गया और सुरक्षित रूप से वाहन से बाहर निकल आया। हालांकि, टक्कर से ऑटो में रखी खाद्य सामग्री बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। अनुमानित रूप से करीब 2 लाख मूल्य का खाद्यान्न तेल व अन्य सामग्री नष्ट हो गई है। सूचना मिलते ही बटियागढ़ पुलिस की 112 डायल टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की खोजबीन शुरू कर दी है। ग्रामीणों और राहगीरों ने बताया कि हादसा बेहद भयावह हो सकता था, लेकिन चालक की सूझबूझ और सतर्कता से एक बड़ी जनहानि टल गई।

**फॉर्च्यून तेल सहित खाद्य सामग्री क्षतिग्रस्त, करीब 2 लाख का नुकसान**

## दशहरा चल समारोह में बाधक अतिक्रमण हटाए

### तहसीलदार और मडियादो पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई



**मडियादो।** मडियादो बस्ती के बड़ा बाजार मार्ग पर दशहरा चल समारोह में बाधक अतिक्रमण आज हटाए गए, नायब तहसीलदार शिवराम चढार राजस्व अमले और मडियादो थाना प्रभारी शिवांगी गर्ग की मौजूदगी में यंहा अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। नायब तहसीलदार शिवराम चढार ने बताया कि शारदेय नवरात्रि पर्व शांति समिति बैठक के दौरान दशहरा आयोजन और चल समारोह में बाधक की समस्याएं सामने आई थी कस्बे में माहौल न बिगड़े इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम के निर्देशन पर आज अतिक्रमण हटाया गया हटा।